दिनांक 25.03.2021

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ
प्रेस विज्ञप्ति

पीलीभीत टाइगर रिजर्व की टीम ने माला रेंज के अन्तर्गत भैरो बीट में दिनांक 24.03.2021 को 04 बाघ के शावकों को रेस्क्यू किया, जिनकी उम्र लगभग 2 से 3 माह है। इन शावकों को दिनांक 25.03.2021 की प्रातः पीलीभीत टाइगर रिजर्व की टीम द्वारा नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ लाया गया। यह शावक मां से 10 से 12 दिन तक अलग रहे हैं। इन शावकों को चिकित्सालय के आइसोलेशन वार्ड में रखा गया है। चारों शावकों को अभी 72 घंटे की सघन निगरानी में रखा जायेगा एवं स्वास्थ्य परीक्षण प्राणि उद्यान के चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है।

बाघ के शावकों के स्वास्थ्य को देखते हुए वन्य जीव चिकित्सालय में किसी भी व्यक्ति का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबन्धित है। चारों शावकों को भोजन–पानी दिया गया है, जो कि यह थोड़ा बहुत खा रहे है।

–ह0–

(आर0के0 सिंह)

निदेशक

नवाब वाजिद अली शाह

प्राणि उद्यान, लखनऊ।